हिमाचल प्रदेश में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चुने हुए जिले

2190. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या मानव संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों से किन-किन जिलों का चयन किया गया है,

(ख) क्या यह सच है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े हुए कुल्लु सिरमोर, चम्बा और शिमला जिलों का भी चयन किया गया है,

(ग) क्या यह सच है कि उपुर्यक्त योजना के उपबंधों के अनुसार सरकार अगले तीन वर्षों के दौरान अध्यापकों के वेतन और भवन-निर्माण पर होने वाले खर्चों को पूरा करने के लिए अनुदान प्रदान करेगी, और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ग) का उत्तर "हां" में है, तो उपर्युक्त योजना के अंतर्गत अब तक जिला-वार कितने-कितने प्राथमिक स्कूल खोले गए हैं तथा कितने-कितने अध्यापकों की नियुक्ति की गई हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया) :

(क) ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है । (नीचे देखिए)

(ख) हिमाचल प्रदेश में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत कुल्लू सिरमौर,चम्बा और लाहुल स्पीति जिले शामिल किए गए हैं ।

(ग) जी, हां ।

(घ) ब्यौरा संलग्न विवरण –II में दिया गया है ।

विवरण-I

हिमाचल प्रदेश में डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत शामिल किए गए जिलों के संबध में श्री महेश्वर सिंह द्वारा 14-3-1997 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के अतिरिक्त प्रश्न संख्या 2190 के भाग (क) से उत्तर में उल्लिखित विवरण

क्रं. सं.	राज्य	डी.पी.ई.पी. के तहत शामिल किए जाने के लिए चुने गए जिले
1.	असम (9)	धुब्री, दारंग, कार्बी, आंगलोंग, मारी बारपेटा, बोंगाई गावं, गोपलाड़ा,कोकराझार,सोनितपुर
2.	हरियाण (7)	कैथल, जिंद,हिसार, सिरसा, भिवानी, गुडगांव, मोहिरदगढ़
3.	कर्नाटक (10)	रायचुर, मंडया, कोलार, बेलगाम, बेलगाम, देहात, गुलवर्ग, मैसूर,विदार, वेल्लरी, वीजापुर
4.	केरल, (6)	कसारगौडं, वायंड, मल्लापुरम, इडुकि, पलक्काड, तिरूवनंतपुरम
5.	तमिलनाडु (6)	धरमपुरी, तिरूवन्नामलाई, संववरयार, दक्षिण आर्कोट, पुदुकोट्टाई, रामनाथपुरम, पेरूम्बदूर, तिरूवलुवार
6.	महाराष्ट्र (9)	परभनी, नानदेड़, उस्मानाबाद, औरंगाबाद, लातुर, बीड़, धूले, गाडिचिरोली, जलान
7.	मध्य प्रदेश (34)	सिंधी, रायगढ़, सरगुजा,गूना,पन्ना,टीकमगढ़,शहडोल, धाड़, छतरपुर, सिहोर, रायसेन,राजगढ़,रीवा, बिलासपुर, सतना, राजनंद, मंह्सौर, रतलाम, वेतुल, भींड, सीओ,मंडला,शिवपुरी, झबुआ, बस्तर, शाजापुर, खारगोन, दतिया, देवास, विदिशा,दामोह, रायपुर, खंडवा

क्रं सं	राज्य	डी.पी.ई.पी. के तहत शामिल किए जाने के लिए चुने गए जिले
8.	हिमाचल प्रदेश (4)	सिरमौर, लाहुल, स्पीति, चम्बा, कुल्लू
9.	गुजरात (3)	बनासकंठा, पंचमहल, डंगस
10.	उड़ीसा (8)	बोलनगीर, धेनकनाल, गजपति,कालाहांडी, रायगढ़, सम्बालपुर, बारागढ़, क्योंझर
11.	आंध्र प्रदेश (5)	करनूल, नेल्लौर, विजयनगरम, वारांगल, करीमनगर
12.	उत्तर प्रदेश (15)	महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बदायूं, खारी, ललितपुर, पीलीभीत, बस्ती, मुरादबाद, शाहजहांपुर,सोनभद्र, देवरिया, हरदोई, बरेली, फिरोजाबाद
13.	पश्चिम बंगाल (5)	बंकुरा,बीरभूम, कूचबिहार, दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद
योग : 121 जिले		

विवरण-II

हिमाचल प्रदेश में खोले गए प्राथमिक स्कूलों तथा नियुक्त किए गए शिक्षकों का जिलावार ब्यौरे

क्रं सं.	जिला का नाम	खोले गए स्कूलों की संख्या	नियुक्त किए गए शिक्षकों की संख्या	कैफियत
1.	चम्बा	10	20	-
2.	सिरमौर	20	-	हिमाचल प्रदेश के अन्य सरकारी स्कूलों से शिक्षकों को अस्थाई तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया है।
3.	कुल्लू	4	-	-वही-
4.	लाहुल स्पीति	-	-	-

महिलाओं और पुरूषों की साक्षरता का राज्य-वार प्रतिशत

2191. **श्री इकबाल सिहं :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991 की जनगणना के अनुसार देश में पुरूषों और महिलाओं की साक्षरता का राज्य-वार प्रतिशत कितना-कितना है,

(ख) क्या 1981से लेकर अब तक देश में साक्षरता दर में व्यापक सुधार हुआ है,